सं. डीएसआईआर/एमएस/2024/07

भारत सरकार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

(भाग-I

अवर्गीकृत)

मंत्रिमंडल के लिए मासिक सार(जुलाई माह, 2024 हेतु)

जुलाई माह, 2024 की प्रमुख उपलब्धियाँ

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)

लाइसेंसीकृत/हस्तांतरित प्रौद्योगिकियाँ

- **सीएसआईआर-सीरी**
  - दिनांक 12/07/2024 को स्मार्ट इंडस्ट्रियल करंट ट्रांस्मीटर प्रौद्योगिकी का लाइसेंस मेसर्स तोशनीवाल प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - मेसर्स इवेक्सिया न्यूट्रिशंस प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर को एनर्जी फूड - नया सूत्रण हस्तांतरित किया गया।
  - गर्मी प्रतिरोधी सफेद तिल मेसर्स अमृतवा फाइन फूड्स एलएलपी, गुजरात को हस्तांतरित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - दिनांक 09/07/2024 को सॉलिड ऑक्साइड के विकास हेतु प्रौद्योगिकी मेसर्स कार्बोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड, चेन्नई को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - दिनांक 05/07/2024 को चावल भूसी से चमड़े जैसी सामग्री बनाने का काम मेसर्स साई सुप्रीम होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, पुदुचेरी को हस्तांतरित किया गया।
  - दिनांक 19/07/2024 को जैविक पूरक तैयार करने की प्रक्रिया मेसर्स साई चामोइस इंक, डिंडीगुल को हस्तांतरित की गई।
  - दिनांक 19/07/2024 को वाटरलेस क्रोम टैनिंग प्रौद्योगिकी मेसर्स भारतीय इंटरनेशनल लिमिटेड, चेन्नई को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**

- दिनांक 24/07/2024 को आईओटी-आधारित पावर क्वालिटी एनालाइजर (आई-पीक्यूए) प्रौद्योगिकी मेसर्स एनआईएन एनर्जी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई को स्मार्ट ऊर्जा समाधानों का मार्ग प्रशस्त करते हुए दी गई।

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - दिनांक 02/07/2024 को वेलेरियाना जटामांसी के उत्पादन और निष्कर्षण के लिए एरोपोनिक प्रौद्योगिकी ज्ञानी न्यूट्रिशनल्स प्राइवेट लिमिटेड, तमिलनाडु को हस्तांतरित की गई।
  - दिनांक 02/07/2024 को हाइड्रोपोनिक एरोपोनिक प्रणाली के तहत केसर के उत्पादन और निष्कर्षण की प्रौद्योगिकी मणि एंड कंपनी, सैफ्रिनो फार्म्स, ऊना (हिमाचल प्रदेश) को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - उन्नत बायोमास स्टोव मेसर्स इकोसेंस एप्लायंस प्राइवेट लिमिटेड, औरंगाबाद को हस्तांतरित किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - कैक्टस से चमड़े के विकल्प (वीगन लैदर) का निर्माण मेसर्स सुनीता इकोटेक्स, कोल्हापुर को हस्तांतरित किया गया।

**शुरू की गई नई परियोजनाओं की संख्या (दिनांक 01/07/24 से 31/07/24 तक)**

| प्रयोगशाला/संस्थान | सीएसआईआर | मंत्रालय/सरकार/पीएसयू | उद्योग/प्रायोजित/ |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर-सीसीएमबी | 01 | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर- सीईसीआरआई | 08 | 03 | शून्य |
| सीएसआईआर- सीरी | 01 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर- सीएफटीआरआई | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर- सीजीसीआरआई | 02 | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर- सीआईएमएफआर | 01 | 04 | 06 |
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | 02 | 03 | 04 |
| सीएसआईआर-सीएमईआरआई | शून्य | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर- सीआरआरआई | 01 | 06 | 07 |
| सीएसआईआर- आईजीआईबी | 02 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर- आईएचबीटी | 01 | 01 | 02 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 01 | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 01 | शून्य | 05 |
| सीएसआईआर- आईआईआईएम | 02 | शून्य | शून्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर- आईआईपी | 01 | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-एनएएल | शून्य | 03 | शून्य |
| सीएसआईआर- नीरी | शून्य | 02 | 02 |
| सीएसआईआर- एनईआईएसटी | शून्य | 03 | शून्य |
| सीएसआईआर-एनजीआरआई | 01 | 02 | 01 |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | 04 | 03 | 02 |
| सीएसआईआर-एनआईओ | शून्य | 18 | 13 |
| सीएसआईआर-एनएमएल | 02 | 02 | 01 |
| सीएसआईआर-एसईआरसी | 03 | 09 | 04 |

**पीएचडी में शामिल पूरा करने वाले स्कॉलर्स की संख्या (दिनांक 01/07/24 से 31/07/24 तक)**

| प्रयोगशाला/संस्थान | सम्मिलित | पूर्ण |
|---|---|---|
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | 25 | 01 |
| सीएसआईआर-सीईसीआरआई | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-सीआईएमएफआर | 07 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएमईआरआई | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-आईजीआईबी | 14 | 03 |
| सीएसआईआर-आईएचबीटी | शून्य | 04 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 01 | 03 |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 55 | 12 |
| सीएसआईआर-आईआईआईएम | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-आईआईपी | 12 | 02 |
| सीएसआईआर-एनएएल | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-एनबीआरआई | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-नीरी | शून्य | 03 |

| | | |
|---|---|---|
| सीएसआईआर-एनईआईएसटी | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-एनजीआरआई | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर-एनआईओ | 04 | 02 |

हस्ताक्षरित राष्ट्रीय सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन

- **सीएसआईआर-4पीआई**
  - मृदा और पौध स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए क्षेत्र विशिष्ट स्मार्ट एग्रो प्रौद्योगिकियों पर क्षेत्र प्रयोग करने के लिए दिनांक 24/07/2024 को कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बैंगलोर (यूएएस) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - डेंगू और एएमआर निगरानी कार्यक्रमों के लिए चल रहे रॉकफेलर फाउंडेशन प्रोजेक्ट चरण-II के तहत अनुसंधान सहयोग के लिए आईसीजीईबी के साथ एमओए पर हस्ताक्षर किए।
  - एसटीईएम शिक्षा और करियर्स में महिलाओं के लिए छात्रवृत्ति और संरक्षण कार्यक्रम के लिए आरआईसीएच (रिसर्च एंड इनोवेशन सर्कल ऑफ हैदराबाद) हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए
    - भारतीय औषधीय पौधों और उनके मेटाबोलाइट्स की सीएसआईआर-डिजिटल लाइब्रेरी के विकास के लिए दिनांक 18/07/2024 को बिजॉय नारायण महाविद्यालय, पश्चिम बंगाल के साथ।
    - संस्थागत संपर्क को बढ़ावा देने और संभावित सहयोग के लिए अन्य रास्ते तलाशने के लिए दिनांक 26/06/2024 को सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली के साथ।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए
    - शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 04/07/2024 को बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय, बागलकोट के साथ।
    - मैसूर में स्कूल-पूर्व बच्चों के लिए पोषण अंतराक्षेप कार्यक्रम शुरू करने के लिए दिनांक 09/07/2024 को बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (बीएनपीएम), मैसूर के साथ।

        - ब्रॉयलर और लेयर चिकन में रेशमकीट (बॉम्बिक्स मोरी) प्यूपा भोजन के पोषक और आहार मूल्य के मूल्यांकन और वैधीकरण पर एक सहयोगी परियोजना शुरू करने के लिए दिनांक 16/07/2024 केंद्रीय रेशम बोर्ड - केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (सीएसबी-सीएसआरटीआई), मैसूर और तमिलनाडु पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (टीएएनयूवीएएस), चेन्नई के साथ।
        - विशिष्ट कार्यक्रमों को आयोजित कर शिक्षा अनुसंधान को बढ़ाने के लिए दिनांक 25/07/2024 को प्रयोग शिक्षा अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु के साथ।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
    - वीओसी पोर्ट एंड, तूतीकोरिन में उतारे गए आयातित और स्वदेशी कोयले के नमूने और विश्लेषण के संबंध में वैज्ञानिक और तकनीकी अध्ययनों के लिए दिनांक 25/07/2024 को एसईपीसी पावर प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई के साथ द्विपक्षीय करार पर हस्ताक्षर किए।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - निम्न के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करारों पर हस्ताक्षर किए
        - दिनांक 05/07/2024 को चावल भूसी से चमड़े जैसी सामग्री बनाने के लिए मेसर्स साई सुप्रीम होल्डिंग कंपनी लिमिटेड पुदुचेरी के साथ।
        - दिनांक 19/07/2024 को जैविक पूरक तैयार करने के लिए मेसर्स साई चामोइस इंक., डिंडीगुल, के साथ।
        - दिनांक 19/07/2024 को वाटरलेस क्रोम टैनिंग टेक्नोलॉजी के लिए मेसर्स भारतीय इंटरनेशनल लिमिटेड, चेन्नई के साथ।
        - दिनांक 24/07/2024 को मछली के अपशिष्ट से निकाले गए कोलेजन पेप्टाइड्स के अभिलक्षणन और स्केलिंग अप अध्ययन के लिए मेसर्स डिक्लटर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, कोयंबटूर के साथ।
    - दिनांक 05/07/2024 को चावल भूसी पर आधारित चमड़े जैसी सामग्री बनाने के लिए सतत प्रक्रिया के विकास के लिए मेसर्स साई सुप्रीम होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, पुदुचेरी के साथ सहयोगी करार किया।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - संस्थागत संबंधों को बढ़ावा देने और संभावित सहयोग के लिए अन्य रास्ते तलाशने के लिए निम्नलिखित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए:
        - दिनांक 01/07/2024 को फोरम ऑफ साइंटिस्ट्स, इंजीनियर्स एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स (एफओएसईटी) कोलकाता के साथ।
        - दिनांक 18/7/2024 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना परिसर, पटना के साथ।

        - दिनांक 18/7/2024 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना, पटना, बिहार के साथ।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - एसएमए एप्लीकेशन के लिए फाइबर पेलेट के विकास के लिए दिनांक 16/07/2024 को आशिता रिन्यूएबल्स, उत्तर प्रदेश के साथ एक परियोजना आधारित करार (पीबीए) पर हस्ताक्षर किए गए।
    - आपसी हित के क्षेत्रों में अकादमिक और अनुसंधान सहयोग के लिए दिनांक 16/07/2024 को दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू), नई दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - आपसी हित के क्षेत्रों में अकादमिक और अनुसंधान सहयोग के लिए दिनांक 19/07/2024 को विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी), नागपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए
        - सीएसआईआर-आईएचबीटी प्रौद्योगिकियों के माध्यम से अफ्रीका के औद्योगिक विकास पर जोर देने के लिए दिनांक 02/07/2024 को एम्पावरिंग फार्मर्स फाउंडेशन (ईएफएफ) तंजानिया के साथ।
        - विशेष रूप से आसवन प्रौद्योगिकी और पारस्परिक हित क्षेत्र के माध्यम से सुगंधित फसलों के मूल्य संवर्धन के लिए प्रौद्योगिकी अंतराक्षेप के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में आजीविका संवर्धन और ग्रामीण विकास के उद्देश्य से पारस्परिक संख्या और लाभ के सिद्धांतों के आधार पर रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ कार्यान्वयन साझेदारी के लिए दिनांक 19/07/2024 को उपायुक्त, चंबा, हिमाचल प्रदेश के साथ।
        - सगंधीय तेलों के क्षेत्र में सहयोग के लिए दिनांक 16/07/2024 को जीएसएम ग्लोबल सर्विसेज, देहरादून के साथ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - डीबीटी, नई दिल्ली के साथ निम्न समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए
        - दिनांक 09/07/24 को वोल्टेज पर निर्भर एनियन-चयनात्मक चैनल 1 (वीडीएसीआई) प्रोटीन का माइटोकॉन्ड्रियल आकार और गतिशीलता पर प्रभाव के लिए।
        - दिनांक 02/07/24 को निम्न हेतु
        - मस्तिष्क में एंटीवायरल अंतराक्षेपों के लिए लिपिड ड्रॉप्लेट्स को ट्यून करना।

        - रोग का पता लगाने और रोग का निदान करने के लिए क्लिनिकल डेटा रिपोजिटरी और एनेलिसिस प्लेटफॉर्म मंच का विकास।
        - राष्ट्रीय नेटवर्किंग घटक।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - निम्न के साथ सहयोग किया गया:
        - सीएसआईआर-कक्ष तापमान जैव ईंधन प्रक्रिया द्वारा जैव ईंधन उत्पादन के लिए विभिन्न बीजों से प्राप्त वसायुक्त तेलों की व्यवहार्यता के लिए वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के साथ।
        - क्रॉस फ्लो रिएक्टर प्रौद्योगिकी और वनस्पति तेल के पूर्व उपचार के साथ एसएएफ उत्पादन के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई के साथ।
        - अनुसंधान एवं विकास उद्देश्य के लिए सीएसआईआर-आईआईपी को अपशिष्ट प्लास्टिक और प्रयुक्त खाना पकाने के तेल की आपूर्ति के लिए सोशल डेवलपमेंट फॉर कम्युनिटीज फाउंडेशन, देहरादून के साथ।
        - एसएएफ उत्पादन और वनस्पति तेल के पूर्व उपचार के लिए प्रौद्योगिकी (डीआईएलएसएएएफटीएम) के लिए आईओसीएल, फरीदाबाद के साथ।
    - वनस्पति तेल के उत्पादन और पूर्व उपचार के लिए हारकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
    - विद्युत चुम्बकीय अंतराक्षेप (ईएमआई) परिरक्षण अनुप्रयोगों हेतु कार्बन नैनोमटेरियल्स का उपयोग करके उच्च प्रदर्शन वाले विद्युत प्रवाहकीय कम्पोज़िटों और कंडक्टिंग फैब्रिक के विकास के लिए दिनांक 26/07/2024 को अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्री रिसर्च एसोसिएशन (एटीआईआरए), अहमदाबाद के साथ सहयोग करार पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
    - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए-:
        - पुष्प कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को सुदृढ़ बनाने की दृष्टि से सहयोगात्मक कार्य हेतु दिनांक 08/07/2024 को सबुजा सनातनपाली फारमर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, संबलपुर के साथ।
        - संयुक्त अनुसंधान, शैक्षणिक गतिविधियों और पुष्पकृषि से संबंधित कार्य के लिए दिनांक 10/07/2024 को यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए-:

        - संक्रामक रोगों, वेक्टर नियंत्रण, दुर्लभ आनुवंशिक विकार, फसल सुधार और कीट प्रबंधन पर संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों के लिए दिनांक 19/07/2024 को टाटा इंस्टिट्यूट फॉर जेनेटिक्स एंड सोसाइटी के साथ।
        - बायोनेस्ट, सीएसआईआर-एनईआईएसटी में अपने अनुसंधान एवं विकास कार्य करने के लिए हर्ष अर्थ टी प्राइवेट लिमिटेड, कौस्तव एम कश्यप, ड्रीम हाइव्स प्राइवेट लिमिटेड, एनई क्राफ्टर्स इंटरप्राइज़ एलएलपी, इप्शिता बरुआ, मैयोन एग्रो एलएलपी के साथ इनक्यूबेशन और किराये से सम्बन्धित करार किया गया है।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
    - भूभौतिकी, भूविज्ञान और प्राकृतिक संसाधनों से ऊर्जा निष्कर्षण में अनुसंधान के उत्थान की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए-:
        - 'रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा रक्त नमूनों से कैंसर का शीघ्र पता लगाना: एक अत्याधुनिक डायग्नॉस्टिक तकनीक का नैदानिक वैधीकरण' के लिए मेसर्स टाटा एलेक्सी लिमिटेड के साथ।
        - अल्ट्रासाउंड असिस्टेड मेम्ब्रेन बायोरिएक्टर के विकास और सेल्यूलोज समृद्ध अपशिष्ट बायोमास के टिकाऊ एंजाइम पुनः प्रयोज्य सैकरीफिकेशन हेतु संरेखित परिचालन प्रक्रियाओं के लिए डीबीटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के साथ।
        - दालों, फलियों और अनाजों के औद्योगिक उपोत्पादों से स्मार्ट प्रोटीन के उत्पादन के लिए मेसर्स न्यूट्रिओम बायोसॉल्यूशंस, तमिलनाडु के साथ।
        - डीबीटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने आहार पूरक के रूप में ओमेगा-3 फैटी एसिड समृद्ध खाद्य शैवाल बायोमास के क्षेत्र में अनुसंधान किए जाने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
    - निम्नांकित के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए :-
        - 'रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा रक्त नमूनों से कैंसर का शीघ्र पता लगाना एक अत्याधुनिक डायग्नॉस्टिक तकनीक का नैदानिक वैधीकरण' के लिए मेसर्स ओलुसियम टेक्नोलॉजीज इन एडवांस्ड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, कन्याकुमारी, के साथ।
        - सुचित्वा मिशन के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान अध्ययन, परियोजनाएं और परीक्षण करने तथा सुचित्वा मिशन के अधिकारियों, उद्योगों और विभिन्न

अधिनियमों एवं नियमों के अंतर्गत आने वाले अन्य संस्थानों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने हेतु मेसर्स सुचित्वा मिशन, तिरुवनंतपुरम के साथ।

- कैक्टस से चमड़े के विकल्प (वीगन लेदर) के विनिर्माण हेतु प्रौद्योगिकी हस्तांतरण हेतु मेसर्स सुनीता इकोटेक्स, कोल्हापुर के साथ।
- औद्योगिक यार्न, पॉलिमर चिप्स के सूक्ष्म संरचना विश्लेषण के लिए मेसर्स एसआरएफ लिमिटेड के साथ।

**अंतर्राष्ट्रीय सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - टिशू कल्चर की आधुनिक विधियों, उगते हुए पौधों की हाइड्रोपोनिक एवं ऐरोपोनिक विधियों और हिमालयी उच्च मूल्य वाले पुष्प व सुगंधित फसलों के माध्यम से अफ्रीका में उद्योग विकसित करने हेतु सहयोग की नीव रखे जाने की दृष्टि से दिनांक 02/07/2024 को एम्पावरिंग फार्मर्स फाउंडेशन, तंजानिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - सक्रिय औषधि सामग्री के नवीन बहुघटक क्रिस्टल रूपों के डिजाइन और विकास पर सहायता अनुदान परियोजना के लिए दिनांक 18/07/2024 को इंटरनेशनल सेंटर फॉर डिफ्रेक्शन डेटा (आईसीडीडी), यूएसए के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-यूआरडीआईपी**
    - पेटेंट विश्लेषण के विषय क्षेत्र पर प्रॉक्टर एंड गैम्बल कंपनी, यूएसए के साथ क्रय करार (सेवा) पर हस्ताक्षर किए गए।

**पेटेंटों की अद्यतन स्थिति**

| दायर किए गए पेटेंट | | | पेटेंट प्रदत्त | | | पेटेंट अभियोजन | | दायर किए गए कॉपीराइट आवेदन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* (विशिष्ट पेटेंट आवेदन) | विदेश (एकाधिक देश)* | भारत | विदेश* (विशिष्ट पेटेंट आवेदन) | विदेश (एकाधिक देश)* | भारत | विदेश* | |
| 22 | 14 | 20 | 03 | 08 | 08 | 08 | 122 | 03 |

*यह डेटा जुलाई 2024 के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया है और यह बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बदल सकता है। फाइल किए गए विशिष्ट पेटेंट/प्रदत्त पेटेंट आगामी माहों में भी प्रदर्शित किए जा सकते हैं यदि संबंधित माहों में इसके अनुरूप आवेदन दायर/प्रदत्त किया गया हो।

**उच्च प्रभाव वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएं**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
    - 151 नमूनों वाले 135 परिवारों के लिए आणविक नैदानिक सेवाएं प्रदान की गईं।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - अनुसंधान प्रयोजन हेतु बाह्य अनुसंधान संगठनों को एनीमल फैसिलिटी लैबोरेटरी द्वारा अनुमोदित 55 प्रायोगिक पशुओं की आपूर्ति की गई।
    - कॉमन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी डवलपमेंट हब (सीआरटीडीएच): सीआरटीडीएच ने रिपोर्टिंग अवधि के दौरान एक एमएसएमई को विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान की।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - मेजिया थर्मल पॉवर स्टेशन, डीवीसी, मेजिया, बांकुरा के लिए टरबाइन साइड से संबंधित महत्वपूर्ण पाइपिंग का आरएलए अध्ययन।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - थ्रीवेणी अर्थमूवर्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए दलपहाड़ लौह अयस्क खदान के संचालन के कारण खनिज पहुँचाए जाने की व्यवहार्यता हेतु यातायात अध्ययन।
    - वाराणसी-औरंगाबाद टोलवे प्राइवेट लिमिटेड (एनएच-2 परियोजना) के बिहार खंड में दो पुलों की मरम्मत और पुनर्वास उपायों के लिए स्थिति आकलन एवं सुझाव। वाराणसी औरंगाबाद एनएच-2 टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के लिए (सोना पुल संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट और कर्मनाशा पुल केवल दृश्य निरीक्षण)।
    - ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए मौजूदा यातायात और साइट की स्थिति को देखते हुए सेक्टर 4 (ग्रेटर नोएडा) में 45 मीटर चौड़ी आरओडब्ल्यू रोड को शाहबेरी गांव, क्रॉसिंग रिपब्लिक और एनएच-91 गाजियाबाद से जोड़ने वाली सड़क पर एलिवेटेड रोड की आवश्यकता से सम्बन्धित व्यवहार्यता।
    - पीडब्ल्यूडी, मेघालय के इंजीनियरों के लिए सड़क नेटवर्क योजना पर अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम।
    - उचित एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड, राजस्थान के लिए राजस्थान राज्य में एनएच-48 के चित्तौड़गढ़ उदयपुर खंड की रटलिंग विफलता हेतु फुटपाथ मूल्यांकन (लचीला फुटपाथ: 66 किमी)।
    - ग्रेटर लुधियाना क्षेत्र विकास प्राधिकरण के लिए फुल्लन वाल से जैन मंदिर रोड जीएलएडीए, लुधियाना पर वेयरिंग कोर्स के रूप में सीजीबीएम परत बिछाने हेतु मिक्स डिज़ाइन और तकनीकी मार्गदर्शन।
    - रामकी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, झारखंड के लिए बरही हज़ारीबाग सड़क परियोजना एनएच-33 में प्रमुख और छोटे पुलों (कुल 5 संख्या) की संरचनात्मक सुरक्षा से सम्बन्धित ऑडिट।

- अडानी पोर्ट्स एवं एसईजेड, गुजरात के लिए स्टील स्लैग एग्रीगेट्स का उपयोग करके बंदरगाह सड़क के निर्माण हेतु अडानी हजीरा बंदरगाह पर स्टील स्लैग सड़क खंड का विकास।
- एसएसपीएल केआईबीपीएल जेवी महाराष्ट्र के लिए मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे (34 + 500 किमी से 38 + 390 किमी तक चेनएज) के पीक्यूसी पर एपॉक्सी डामर ओवरले का प्रदर्शन मूल्यांकन।
- कोलकाता मेट्रोरेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पश्चिम बंगाल के लिए केएमआरसीएल के रोलिंग स्टॉक के वास्तविक संचालन के साथ कोलकाता के ईस्ट वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर के भूमिगत खंड हेतु शोर और कंपन विश्लेषण।
- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली के लिए बिटुमिनस सड़क निर्माण में उपयोग हेतु कृषि अपशिष्ट से बायो बाइंडरस  का विकास।

- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - ब्यूनर ऑपरेशन स्थिति के बाद सह-प्रवाह के साथ 2 डी स्प्रे इंजेक्शन का प्रायोगिक अभिलक्षणन– एआर एंड डीबी
  - विमान की सतह पर क्षति का पता लगाने के लिए दृश्य आधारित स्वचालित निरीक्षण प्रणाली का विकास -  एआर एंड डीबी
  - फ्लश एयर डेटा सिस्टम (एफएडीएस) और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम (आईएनएस) के फ्यूजन डेटा से वायु डेटा अनुमान - एआरएंडडीबी
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - लखनऊ नगर निगम में लीगेसी अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र का तकनीकी ऑडिट।
  - हिंदुस्तान कोका-कोला लिमिटेड, सानन्द से भूमि उपचार और बहि:स्राव के निपटान के लिए उच्च दर वाष्पोत्सर्जन प्रणाली की मॉनीटरिंग और मूल्यांकन।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - कवर किए जा रहे आर्कियन क्रेटन के नीचे उप-सतही संरचनात्मक पहलुओं और क्रस्ट-मेंटल सीमा का पता लगाने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (खान मंत्रालय) द्वारा राजस्थान के चुरू से मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ तक भूकंपीय परावर्तन सर्वेक्षण (डीएसआरएस) और मैग्नेटोटेल्यूरिक (एमटी) सर्वेक्षण किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - इलेक्ट्रिक आर्क-फर्नेस (ईएएफ) में निकेल लैटेराइट ब्रिकेट्स हेतु प्रगलन अध्ययन: क्लाइंट: टाटा स्टील लिमिटेड, जमशेदपुर, धातु उत्पाद में सुधार करने हेतु ईएएफ में लैटेराइट ब्रिकेट्स के प्रगलन अध्ययन करने धातु और स्लैग को अलग करने में सहजता के लिए कोक दर, चूना और ऊर्जा की आवश्यकता जैसे मापदंडों का अध्ययन किया गया।

- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - अग्नि प्रभावित कंक्रीट फर्श टीपी-16, टीएसटीपीएस, तालचेर, ओडिशा की स्थिति का आकलन।
    - रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा नए पंबन रेलवे ब्रिज के नेविगेशनल लिफ्टिंग स्पैन और एप्रोच स्पैन का प्रूफ लोड परीक्षण।

आउटरीच गतिविधियाँ

- **सीएसआईआर मुख्यालय**
    - सीएसआईआर-एचआरडीजी द्वारा क्रमशः दिनांक 05/07/2024 और 19/07/2024 को ईपीआईसी हैकथॉन के दौरान डॉ. चिंतन वैष्णव, मिशन निदेशक, अटल टिंकरिंग लैब, नीति आयोग और प्रो. वलिप रामगोपाल राव, समूह कुलपति, बिट्स-पिलानी द्वारा वार्ता आयोजित की गई।
    - जुलाई माह के दौरान सीएसआईआर की 15 प्रयोगशालाओं द्वारा 22 छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए; इसमें 1980 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-4पीआई**
    - छात्र वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया :-
        - दिनांक 03/07/2024 को मोराजी देसाई आवासीय विद्यालय, रामनगर में एचपीसी, साइबर सुरक्षा, जीएनएसएस और जलवायु सूचना विज्ञान पर छात्र वैज्ञानिक सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 18/07/2024 को गवर्नमेंट हाई स्कूल, होसकोटे में एचपीसी, साइबर सुरक्षा, जीएनएसएस और एग्रीटेक पर छात्र वैज्ञानिक सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 22-26/07/2024 के दौरान कैलकुलस, प्रायिकता (प्रॉबेबिलिटी), वायुमंडलीय भौतिकी, भूकंप, जीएनएसएस, ऊष्मा स्थानांतरण, कृषि-तकनीक और उच्च निष्पादन कम्प्यूटिंग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की अवधारणाओं पर शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया; इसमें 44 स्कूलों ने भाग लिया।
    - दिनांक 04-05/07/2024 के दौरान सी-डैक बैंगलोर के सहयोग से 'एनएसएम-एचपीसी सिस्टम एंड एआई : फ्रॉम थ्योरी टू प्रैक्टिस' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
    - निम्नांकित पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए:-
        - दिनांक 01-16/07/2024 के दौरान मॉलिक्यूलर क्लोनिंग एंड प्रोटीन एक्सप्रेशन पर; इसमें 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

        - दिनांक 23-27/07/2024 के दौरान इंवायरमेंटल डीएनए () एंड इट्स ऐप्लीकेशन्स पर; इसमें 09 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - छात्र वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया :-
        - दिनांक 12/07/2024 को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.) के लिए; इसमें 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 24/07/2024 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) के लिए; इसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 25/07/2024 को सरोज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, लखनऊ (उ.प्र.) के लिए; इसमें 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
    - दिनांक 08-12/07/2024 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 82 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 18/07/2023 को सेतु मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल, थुवरनकुरिची के लिए प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया; इसमें 117 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - निम्नांकित पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए:-
        - दिनांक 01-05/07/2024 के दौरान क्रोमैटोग्राफी और स्पेक्ट्रोस्कोपी पर; इसमें 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 08-12/07/2024 के दौरान कैथोडिक प्रोटेक्शन एंड पाइपलाइन कोरोजन पर; इसमें 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 29/07/2024-02/08/2024 के दौरान इलेक्ट्रोकेमिकल पावर सोर्सेज़ लिथियम आयन बैटरी–साइंस एंड टेक्नोलॉजी; इसमें 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीरी**
    - सीएसआईआर ईपीआईसी हैकाथॉन का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 13 और 20/07/2024 को एआई और एमएल पर छात्र क्लब के लिए एटीएल सत्र आयोजित किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
    - अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन, मैसूर द्वारा दिनांक 12/07/2024 को "बैलेंस्ड डाइट एंड डिटेक्शन ऑफ अडल्टरेशन इन फूड" विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 85 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - निम्नांकित पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए-:

        - दिनांक 18/07/2024 को 3डी बायो प्रिंटिंग पर; इसमें 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 18/07/2024 को फूड प्रॉसेसिंग टेक्नोलॉजीज़ पर; इसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 22/07/2024-02/08/2024 के दौरान पोस्ट ह्रोर्वेस्ट टेक्नोलॉजीज फॉर फ्रूट्स एंड वेजीटेबल्स; इसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 23-25/07/2024 के दौरान ऐनालिटिकल क्वालिटी इवैल्यूएशन ऑफ फोर्टीफिकेंट एंड फोर्टीफाइड राइस पर; इसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 23-25/07/2024 के दौरान प्रॉसेसिंग ऑफ टर्मरिक एंड वैल्यू ऐडेड प्रोडक्ट्स पर; इसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
    - निम्नांकित पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए:-
        - दिनांक 09-10/07/2024 के दौरान सिरेमिक मेम्ब्रेन एंड वॉटर टेक्नोलॉजीज़: थ्योरी एंड प्रैक्टिकल; इसमें 09 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 11-12/07/2024 के दौरान टेराकोटा प्रॉसेसिंग पर; इसमें 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 22-26/07/2024 के दौरान सीजीसीआरआई खुर्जा केंद्र, उत्तर प्रदेश में सिरेमिक व्हाइट वेयर्स प्रोसेसिंग पर; इसमें 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 30-31/07/2024 के दौरान सीजीसीआरआई नरोदा केंद्र, अहमदाबाद द्वारा 'पांचाल सिरेमिक एसोसिएशन विकास ट्रस्ट, थांगध' में एनर्जी सेविंग कॉन्सेप्ट्स एंड पॉसिबिलिटीज़ इन विट्रीयस चाइना सेनेटरीवेयर मैन्यूफैक्चरिंग पर; इसमें 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
    - दिनांक 16/07/2024 को निर्यात अवसर और ई-कॉमर्स आधारित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 20/07/2024 को बिहार के सीतामढ़ी जिले में सुगंधित पौधों की खेती, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन के माध्यम से ग्रामीण सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 22/07/2024, 23/07/2024 और 26/07/2024 को मंडन भारती ऐग्रीकल्चरल कॉलेज, (सहरसा बिहार), झाल, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) और कोकाड़ी, जिला कोंडागांव, छत्तीसगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें क्रमशः 62, 16 और 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**

- निम्नांकित पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए:-
    - दिनांक 09-16/07/2024 के दौरान क्वालिटी मॉनीटरिंग ऑफ वॉटर एंड वेस्ट वॉटर: लैबोरेटरी एनालिसिस, डेटा इंटरप्रिटेशन एंड क्वालिटी ऐश्योरेंस पर।
    - खनन में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 18/07/2024-01/07/2024 के दौरान हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के लिए मॉडर्न माइनिंग टेक्नोलॉजी एंड फ्यूल साइंस: थ्योरी एंड प्रैक्टिसेज़ पर।
- दिनांक 03-05/07/2024 के दौरान एआई, एमएल और संवर्धित वास्तविकता एवं आभासी वास्तविकता हेतु क्रेडो वर्ल्ड स्कूल, धनबाद के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया; इसमें 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - निम्नांकित के लिए भ्रमण का आयोजन किया गया-:
    - दिनांक 05/07/2024 को भौतिक और रासायनिक परीक्षण विधियों, एनएमआर, और अपशिष्ट जल उपचार विश्लेषण हेतु क्रिश्चियन कॉलेज, चेंगन्नूर, केरल विश्वविद्यालय के लिए; इसमें 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 25-26/07/2024 को चमड़ा प्रसंस्करण, अपशिष्ट जल बहि:स्राव उपचार और चमड़े जैसी सामग्री के उत्पादन हेतु केआरएम पब्लिक स्कूल (सीबीएसई), पेराम्बूर, चेन्नई के लिए; इसमें 154 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 12/07/2024 को एड्यूकेशनल फील्ड ट्रिप हेतु वेल टेक रंगराजन डॉ. सगुंथला आर एंड डी इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, अवाडी के लिए; इसमें 97 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 30/07/2024 को अनुसंधान सुविधाओं हेतु राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), कोलकाता के लिए।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - निम्नांकित के लिए रोबोटिक्स और एआई पर भ्रमण एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया:-
    - दिनांक 11/07/2024 को आसनसोल इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट-पॉलिटेक्निक, आसनसोल के लिए।
    - दिनांक 11/07/2024 नूतनडांगा हाई स्कूल जिज्ञासा के लिए; इसमें 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 16/07/2024 और 26/07/2024 को पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, असम और त्रिपुरा के शिक्षक और क्षेत्रों के लिए; इसमें क्रमशः 124 और 194 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**

- दिनांक 16/07/2024 दिल्ली एनसीआर और उसके आसपास के विभिन्न केवी एवं देव समाज मॉडर्न स्कूलों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया; इसमें 221 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- जुलाई-नवंबर 2024 सत्र के लिए दिनांक 23/07/2024 से नियमित हिंदी पारंगत कक्षाओं का आयोजन किया गया; इसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- दिनांक 23/07/2024 और 25/07/2024 को पीडब्ल्यूडी मेघालय के इंजीनियरों के लिए सड़क नेटवर्क योजना पर अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 154 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - लक्ष्मीनारायणपुर सीतानाथ हाई स्कूल (एचएस) और नारायणपुर हाई स्कूल में क्रमशः दिनांक 03/07/2024 और 11/07/2024 को 'इम्यूनोलॉजी ऑफ बी एंड टी सेल्स; 'केमिस्ट्री ऑफ मॉलिक्यूल्स एंड बायोमॉलिक्यूल्स इन डेली लाइफ; और 'द एस्ट्राउंडिंग मॉलिक्यूलर मशीन फॉर प्रोटीन सिंथिसिस इंसाइड लिविंग सेल्सः द राइबोसोम' पर व्याख्यान दिया गया।
  - दिनांक 23/07/2024 को कैरियर्स इन कैमिकल साइंसेज़ पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - दिनांक 27/07/2024 को इंडियन डवलपमेंट फाउंडेशन (आईडीएफ), मुंबई के सहयोग से इग्नाइट स्टेम पैशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया; इसमें 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 26/07/2024 को तेलंगाना के थुंगतुर्थी गांव में जेडपीएचएस आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - बीएचयू के लिए भ्रमण आयोजित किया गया; इसमें 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 26/07/2024 को "अडल्टरेशन इन मिल्क" पर आरआरएल हाई स्कूल के लिए डीआईवाई गतिविधि का आयोजन किया गया; इसमें 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 19/07/2024 को नवाचार/उद्यमिता/प्रौद्योगिकी विकास पर वार्ता आयोजित की गई; इसमें 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 15-25/07/2024 के दौरान औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पर युवा कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया; इसमें 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**

- दिनांक 01-12/07/2024 के दौरान 'स्पेक्ट्रोस्कोपिक एनालिटिकल टेक्नीक्स आईआर-एनएमआर' पर कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 15-16/07/2024 के दौरान वैज्ञानिक शिक्षक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - निम्नांकित के लिए कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया-:
    - दिनांक 04/06/2024-04/07/2024 के दौरान 'बायोइनोकुलेंट प्रोड्यूसर फॉर ऐग्रीकल्चरल एप्लीकेशन' विषय पर टीएम यूनिवर्सिटी, ग्वालियर और श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के लिए; इसमें 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 14/06/2024-12/07/2024 के दौरान प्लांट टिशू कल्चर टेक्नीशियन विषय पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, दिल्ली और इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के लिए; इसमें 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 09-18/07/2024 के दौरान क्वालिटी ऐनालिस्ट फॉर हर्बल इंडस्ट्री एंड फोटोकेमिकल्स ऐनालिसिस टेक्नीशियन विषय पर रसायन विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा हर्बल उद्योग के लिए; इसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 07/07/2024 को सेंटर फॉर बायोडाइवर्सिटी एक्सप्लोरेशन एंड कंसर्वेशन सीबीईसी और माइकोएशिया के साथ संयुक्त रूप से ऑनलाइन व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - दिनांक 08-12/07/2024 के दौरान आवासीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया; इसमें 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - 24/07/2024 को वैज्ञानिक शिक्षक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया ; इसमें 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - दिनांक 09-10/07/2024 को पृथ्वी की संसाधन क्षमता का पता लगाने हेतु उपयोग किए जाने वाली भूवैज्ञानिक और भूभौतिकीय विधियों के विषय में स्कूली बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**

- "सैंपल प्रिपरेशन एंड एक्सट्रैक्शन स्टडीज फॉर न्यूट्रास्युटिकल प्रिपरेशन" और "सिंथेटिक ऑर्गेनिक कैमिस्ट्री हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग ऑन फंडामेंटल्स एंड स्पेशलाइज़्ड रिएक्शन्स" के लिए कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-एनआईओ**
  - दिनांक 16/07/2024 को कर्मचारियों और छात्रों के लाभ के लिए मैटलैब तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 26-28/07/2024 के दौरान सतत जलीय कृषि के लिए जल गुणवत्ता मॉनीटरिंग पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - निम्नांकित के लिए कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया-:
    - दिनांक 28/05/2024-23/07/2024 के दौरान इंटर्नशिप प्रशिक्षण आयोजन किया गया; इसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 20/05/2024-23/07/2024 के दौरान ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण आयोजन किया गया; इसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 01/07/2024-31/07/2024 के दौरान अभिनव उत्पाद प्रोटोटाइप बनाने से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 18/07/2024 को खनिज प्रसंस्करण तकनीक (एएमपीटीआईसी'24) पर एक्सपोजर प्रशिक्षण आयोजन किया गया; इसमें 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 23-26/07/2024 के दौरान" मिनरल कैरेक्टराइज़ेशन, बैनिफिकेशन एंड एग्लोमरेशन" (एमसीबीए) 2024 पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया; इसमें 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 30/07/2024 को खनिज प्रसंस्करण तकनीकों (एएमपीटीआईसी'24) पर चर्च स्कूल बेल्डीह, बिष्टुपुर एक्सपोजर प्रशिक्षण के लिए भ्रमण आयोजित किया गया; इसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - दिनांक 24-26/07/2024 के दौरान तमिलनाडु राज्य सरकार के स्कूली छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया; इसमें 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 24-26/07/2024 के दौरान सामग्री, घटकों और संरचनाओं के फटीग और फ्रैक्चर बिहेवियर पर ई-उन्नत पाठ्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-यूआरडीआईपी**
  - दिनांक 23-24/07/2024 के दौरान सीएसआईआर-आईजीआईबी, नई दिल्ली में पेटेंट फाइलिंग गतिविधि से सम्बन्धित समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।

**सम्मेलन, कार्यशालाएं, प्रमुख कार्यक्रम**

- **सीएसआईआर मुख्यालय**
  - दिनांक 18/07/2024 को भारत में प्रौद्योगिकी नवाचारों पर 11वां सीएसआईआर-अमृत व्याख्यान पूर्व महानिदेशक, विमानन प्रणाली और पूर्व परियोजना निदेशक, अग्नि-IV मिसाइल, डीआरडीओ डॉ. टेसी थॉमस द्वारा प्रस्तुत किया गया।
  - सीएसआईआर ने 20-22 जुलाई 2024 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में सरकारी उपलब्धियों और योजना एक्सपो 2024 में भाग लिया।
  - जेएसए/एसएसए (सामान्य/वित्त एवं लेखा/भंडार एवं क्रय) और समकक्ष के लिए लेवल ए-अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम () सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/इकाइयों के प्रमुख, पीएमई और वित्त प्रमुख के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता सम्मेलन: सीएसआईआर-एचआरडीसी, केंद्रीय योजना निदेशालय (सीपीडी)-सीएसआईआर मुख्यालय और एकीकृत वित्त प्रभाग (आईएफडी)/बजट प्रभाग-सीएसआईआर मुख्यालय द्वारा आयोजित किया गया।
  - दिनांक 29-31/07/2024 के दौरान आईएसटीआईसी-यूनेस्को और सीएसआईआर द्वारा ट्रेडीशनल नॉलेज फॉर सस्टेनेबल लाइवलीहुड्स पर संयुक्त रूप से एसटीआई कॉन्क्लेव आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - "डाइवर्सिटी, इक्विटी एंड इंक्लूज़न" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - दिनांक 25/07/2024 को *77*वें स्थापना दिवस समारोह में नीति आयोग, भारत सरकार के माननीय सदस्य, "पद्म भूषण" डॉ. वी.के. सारस्वत द्वारा व्याख्यान दिया गया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - दिनांक 16, 19 और 20/07/2024 को वन वीक वन थीम (ओडब्ल्यूओटी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 16/07/2024 को ट्रेंड्स इन स्पेशिऐलिटी कैमिकल्स फॉर लेदर पर एक टैनर-रिसर्चर-केमिकल हाउस इंटरैक्शन मीट का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 02/072024 को स्टैटिस्टिक्स एंड डेटा एनालिसिस यूजिंग एसपीएसएस सॉफ्टवेयर पर दूसरी राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**

- दिनांक 02/07/2024 को संस्थान के 42वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन- के अंश के रूप में पुष्प कृषि मेला आयोजित किया गया, महानिदेशक, सीएसआईआर ने "इम्पैक्ट ऑफ सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन इन हिमाचल प्रदेश" शीर्षक वाला एक ब्रोशर भी लॉन्च किया।

- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - दिनांक 01-05/07/2024 तक प्रयोगशाला पशुओं की देखभाल और सुरक्षा के लिए कार्यशाला आयोजित की गई; इसमें 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 09/07/2024 को "सेफ्टी एंड बिहेवियर एट वर्कप्लेस, लैबोरेटरी एंड इंस्टिट्यूशनल कैम्पस" पर कार्यशाला आयोजित की गई।
  - दिनांक 10/07/2024 को कॉलोक्वियम लेक्चर सीरीज-बायोलॉजी: 2024-25 के अंश के रूप में ''काइरल प्रूफरीडिंग ड्यूरिंग प्रोटीन बायोसिंथिसिस एंड इट्स इवोल्यूशनरी इम्प्लीकेशन्स'' पर डॉ. राजन शंकरनारायणन द्वारा व्याख्यान दिया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - दिनांक 22/07/2024 को "करेंट ट्रेन्ड्स इन एनएमआर स्पेक्ट्रोस्कोपी" पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 26/07/2024 को ''नेचुरल प्रोडक्ट्स ड्रिवेन ड्रग डिस्कवरी'' पर सेमिनार का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - दिनांक 18/07/2024 को पेट्रोकेमिकल्स और बायोकेमिकल्स में अनुसंधान एवं विकास संभावनाओं और चुनौतियों पर औद्योगिक बैठक (सीएसआईआर ओडब्ल्यूओटी-सीएलपी कार्यक्रम) का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 22/07/2024 को प्रोफेसर आरआई सुजीत, आईआईटी मद्रास द्वारा तीसरा प्रोफेसर रोडम नरसिम्हा मेमोरियल व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - एनर्जी एंड ईडी थीम के अंतर्गत नोडल प्रयोगशाला के रूप में भाग लेने वाली सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के साथ वन वीक वन थीम अभियान का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - दिनांक 19/07/2024 को रसायन (चमड़ा सहित) और पेट्रोकेमिकल्स पर केंद्रित "वन वीक वन थीम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**

- दिनांक 19/07/2024 को ''नेशनल थीमेटिक कॉनक्लेव ऑन स्पेशिऐलिटी कैमिकल्स एंड सस्टेनेबल पैकेजिंग'' पर "वन वीक वन थीम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 27/07/2024 को हवाई अड्डे पर वायु गुणवत्ता मापदंडों पर कड़ी नजर रखने के लिए तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) पर स्व-संचालित इनडोर वायु गुणवत्ता मॉनिटर स्थापित किए गए।
- दिनांक 27/07/2024 को डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी, महानिदेशक सीएसआईआर और सचिव डीएसआईआर द्वारा परिसर में एनआईआईएसटी इनोवेशन सेंटर की आधारशिला रखी गई।

**उच्चस्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - "पद्म भूषण" डॉ. वी के सारस्वत, माननीय सदस्य, नीति आयोग, भारत सरकार ने दिनांक 25/07/2024 को 77वें स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - श्री हरि रंजन राव, अपर सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय ने दिनांक 12/07/2024 को संस्थान का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - नीति आयोग के सदस्य और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विजय कुमार सारस्वत ने दिनांक 29/7/2024 को एक विशिष्ट व्याख्यान देने के प्रयोजन से संस्थान का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - उपायुक्त, जालंधर ने दिनांक 19/07/2024 को सीईटीपी उन्नयन परियोजना पर एक बैठक के दौरान सीएलआरआई क्षेत्रीय केंद्र, जालंधर का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - महामहिम अनीसा के. मबेगा, उच्चायुक्त, संयुक्त गणराज्य तंजानिया उच्चायोग, नई दिल्ली ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रौद्योगिकियों का संक्षिप्त अवलोकन करने के लिए दौरा किया।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - माननीय केंद्रीय मंत्री एवं सीएसआईआर के उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ने "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**

- प्रधानमंत्री कार्यालय के अपर सचिव श्री हरि रंजन राव ने दिनांक 12/07/2024 को सीएसआईआर-एनएएल का दौरा किया।

**सम्मान/पुरस्कार**

- **सीएसआईआर मुख्यालय**
  - महानिदेशक, सीएसआईआर डॉ. एन. कलैसेल्वी ने नूरुल-इस्लाम सेंटर फॉर हायर एजुकेशन द्वारा छठा एपीजे पुरस्कार प्राप्त किया।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. हर्ष कुमार वर्मा को राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2023 के लिए चयनित किया गया।
  - डॉ. एन.के. भगत ने एमईएआई-एससीसीएल कोल अवार्ड माइनिंग इंजीनियर 2023 पुरस्कार प्राप्त किया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - सीएसआईआर-आईएचबीटी के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव को रॉयल सोसाइटी ऑफ बायोलॉजी लंदन का फेलो चुना गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - सीएसआईआर-आईआईसीबी की निदेशक प्रो. विभा टंडन को प्रथम एवी रामाराव पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - डॉ. एस. श्रीधर, मुख्य वैज्ञानिक को रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (एफआरएससी), लंदन, यूके के फेलो के रूप में शामिल किया गया।
  - डॉ. ए.वी. शेष साईनाथ को एसोसिएशन फॉर क्वालिटी एजुकेशन एंड रिसर्च (एक्यूईआर) द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार "टेक श्री" 2024 से सम्मानित किया गया।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सुभाष चंद्रा को दो वर्ष के लिए सोसायटी फॉर एक्सप्लोरेशन जियोफिजिक्स (एसईजी) के नियर सरफेस जियोफ़िज़िक्स टेक्निकल का वैश्विक उपाध्यक्ष चुना गया।
  - मुख्य वैज्ञानिक डॉ. बी. प्रशांत के. पात्रो को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2023 के लिए चुना गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - डॉ. एम. सुंदरराजन को प्रतिष्ठित रिसर्च प्रोजेक्ट फंड पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

    - डॉ. प्रथिश के.पी. और इंजीनियर अब्दुल हलीम को एनएबीएल मूल्यांकनकर्ता के रूप में चयनित किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईओ**
    - वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. पवन देवांगन को केंद्रीय खान मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2023 के लिए चुना गया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
    - डॉ. प्रेमकुमार एम और डॉ. अम्मासी ए को भारतीय धातु संस्थान द्वारा "एमएस खान मेमोरियल पुरस्कार 2024" प्रदान किया गया।
    - डॉ. बिराज के साहू को इस्पात मंत्रालय द्वारा "यंग मेटालर्जिस्ट (मेटल साइंस) अवार्ड 2023" प्रदान किया गया।

## विभागीय गतिविधियां

डीएसआईआर का अधिदेश प्रौद्योगिकी संवर्धन, विकास और उपयोग के अतिरिक्त औद्योगिक अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है। देश में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और पोषित करने के लिए, विभाग का औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम उद्योगों की आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता और पंजीकरण देता है न कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन (एसआईआरओ) का लाभ लेने के लिए, सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआई) और समय-समय पर संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं (समय-समय पर संशोधित) के तहत इन मान्यता/पंजीकरण को नवीनीकृत करता है जिसके आधार पर ये संगठन उद्योग द्वारा अनुसंधान एवं विकास पर सीमा शुल्क छूट, वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) रियायतें और आईटी अधिनियम की धारा 35 (2एबी) के तहत भारित कर कटौती प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। यह योजना देश में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने में सहायता करती है।

**औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम (आईआरडीपीपी)**

**उद्योग में इन-हाउस आरएंडडी की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण**

- उद्योगों की 32 इन-हाउस आरएंडडी इकाई को नई मान्यता दी गई और 31 को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
- उद्योगों की 36 इन-हाउस आर एंड डी इकाइयों की मान्यता का नवीनीकरण किया गया और 36 को पंजीकरण प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया गया।

**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन (एसआईआरओ)**

- 08 एसआईआरओ को नई मान्यता दी गई और 7 को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

- 76 एसआईआरओ के मान्यता का नवीनीकरण किया गया और 43 पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीनीकरण किया गया।

**सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआई)**

- 04 पीएफआरआई पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीनीकरण किया गया।

**आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु राजकोषीय प्रोत्साहन**

• उद्योगों की 9 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाई को अनुमोदन प्रदान किया गया तथा उद्योगों की 11 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत फॉर्म 3 सीएम में अनुमोदन का नवीनीकरण किया गया ।

• आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत लाभ हेतु सीसीआईटी (ई) को 145.73 करोड़ रुपये के अनुसंधान एवं विकास व्यय को प्रमाणित करने वाली फॉर्म 3 सीएल में 11 रिपोर्टें जारी की गईं।

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र की योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं शामिल हैं अर्थात (i) वैकतयिक,स्टार्ट-अप्स एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें नवीन विचारों को परिवर्तित करने के लिए स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं, या सेवाओं का रूप ले सकने वाले प्रदर्शन योग्य मॉडल / प्रोटोटाइप/प्रक्रियाओं में; और उन्हें इनक्यूबेटी/तकनीकी-उद्यमी बनने में सहायता करना (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पेस), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास का निर्माण और सामान्य अनुसंधान सुविधाएं (बीआईआरडी), जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान तक पहुंच (ए2के+) जिसमें महिलाओं हेतु प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू करने के अतिरिक्त औद्योगिक अनुसंधान के क्षेत्रों को भी आगामी अध्ययन और सम्मेलन मे शामिल किया जाएगा।

**वैयक्तिक, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में नवाचारों को बढ़ावा देना (प्रिज्म)**

<u>इस अवधि के दौरान तीन नवाचार परियोजनाओं की समीक्षा की गई:</u>

सूक्ष्म संरचनात्मक लक्षण वर्णन हेतु एसईएम और टीईएम नमूनों की तैयारी के लिए न्यूनतम लागत वाली इलेक्ट्रोपॉलिशिंग इकाई का डिज़ाइन और विकास।

- ट्यून्ड मास डैम्पर का उपयोग करके बिल्डिंग का गतिशील प्रतिक्रिया नियंत्रण।
- रेडियो आवृत्ति ऊर्जा संचयन

इस अवधि के दौरान एक प्रिज्म परियोजना जिसका नाम सर्वाइकल एट्रेसिया वाली महिलाओं के लिए गर्भाशय ग्रीवा पुनर्निर्माण के लिए बायोडिग्रेडेबल स्टेंट का विकास है, सफलतापूर्वक पूर्ण की गई।

**ए2के+ अध्ययन:**

इस अवधि के दौरान परियोजना मार्गदर्शन-सह-समीक्षा समिति (पीजीआरसी) द्वारा निम्नलिखित पाँच चल रहे ए2के+ अध्ययनों की समीक्षा की गई:

भारत में, शिक्षा जगत, शोध संस्थानों, शोध प्रयोगशालाओं और उद्योग में पेयजल शुद्धिकरण के लिए विकसित टीआरएल-6 और उससे ऊपर की तकनीकों का तकनीकी-व्यावसायिक मूल्यांकन अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ जल केंद्र (आईसीसीडब्ल्यू), आईआईटी मद्रास रिसर्च पार्क, तारामणि चेन्नई द्वारा सहायता प्राप्त।

ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) वाले बच्चों के अंग्रेजी भाषा बोलने और पढ़ने के कौशल से संबंधित विभिन्न आईसीटी उपकरणों की उपयोगिता और पहुंच का एक अध्ययन मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर द्वारा सहायता प्राप्त।

भारत में अस्पताल के अपशिष्ट जल उपचार के लिए स्वदेशी विकास झिल्ली पर शोध पर एक अध्ययन ताकि इसके पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके जैव विज्ञान विभाग, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग (सीएसई), एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत, हरियाणा द्वारा समर्थित।

स्मार्ट शहरों में नगरपालिका अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए प्रभावी डिजिटल प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग पर एक अध्ययन: आंध्र प्रदेश का एक मामला आईआईएम, विशाखापत्तनम को समर्थन दिया गया।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सहित शिक्षार्थियों की एक विस्तृत श्रृंखला की जरूरतों को पूरा करने वाले आईसीटी उपकरणों पर एक अध्ययन पीएसजीआर कृष्णम्मल कॉलेज फॉर विमेन पीलामेडु, कोयंबटूर, तमिलनाडु, भारत को समर्थन दिया गया।

**महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम - टीडीयूपीडब्लू/ए2के+:**

डीएसआईआर के टीडीयूपीडब्लू/ए2के+ कार्यक्रम के तहत एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ हर्बल रिसर्च एंड स्टडीज (एआईएचआरएस), एमिटी यूनिवर्सिटी-उत्तर प्रदेश को फाइबर बाजरा (रागी, एल्युसिन कोराकाना) और काले गेहूं (ट्रिटियम एस्टिवम) की खेती से मूल्यवर्धित उत्पादों के लघु-स्तरीय उद्यम विकास के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीमांत कृषक महिलाओं का सशक्तिकरण और कठिन परिश्रम को कम करने वाली कृषि प्रौद्योगिकियों पर प्रशिक्षण नामक परियोजना प्रदान की गई।

प्रौद्योगिकी के उपयोग और प्रसार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से चल रही विभिन्न टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजनाओं के अंतर्गत 183 महिला लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

## सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम

### सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)

सीईएल डीएसआईआर के तहत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीकों का व्यावसायिक उपयोग करना है। सीईएल ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से देश में पहली बार कई उत्पादों का विकास किया है और सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों, रेलवे के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर जोर देना जारी रखा है।

कंपनी ने जुलाई माह के दौरान 2365.83 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/सिस्टम/एसपीवी उत्पादों का निर्माण किया।

जुलाई माह के दौरान 2086.22 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/सिस्टम/एसपीवी मूल्य की वस्तुओं की बिक्री हुई।

### राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)

एनआरडीसी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ-साथ विश्वविद्यालयों, तकनीकी संगठनों, उद्योगों और व्यक्तिगत अन्वेषकों के साथ दीर्घकालिक संबंधों का पोषण करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और सुदृढ़ बनाने पर जोर देना जारी रखा है।

निगम ने तीन प्रौद्योगिकियों को लाइसेंस दिया है:

• मेसर्स बेस्पेस एडवाइजर्स को सलाइन वाटर लालटेन
• अंकुश - रेशमकीट बिस्तर कीटाणुनाशक से लेकर प्योर केमिकल्स तक
• पोषण - शहतूत के लिए एक बहुपोषक सूत्रीकरण से लेकर प्योर केमिकल्स तक

निगम ने प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग और आईपीआर सहायता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित समझौता ज्ञापनों/समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं:

• जयोति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय (जेवीडब्ल्यूयू)।
• विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेघालय (यूएसटीएम)।
• असम डॉन बॉस्को विश्वविद्यालय (एडीबीयू)।
• बिट्स-पिलानी
• निगम ने महीने के दौरान उद्योगों को प्रौद्योगिकियों के लाइसेंसिंग के लिए 6.45 लाख रुपये का प्रीमियम एकत्र किया।

****************************